स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने कॉन्क्लेव का आयोजन

बीकानेर | स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए गुरुवार आई स्टार्ट और स्टार्टअप चौपाल की ओर से कॉन्क्लेव का आयोजन बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में हुआ। इस दौरान विशेषज्ञों ने युवा स्टार्टअप को व्यवसाय में सफलता के गुर सिखाए। विशेषज्ञों के सेशन व पैनल डिस्कशन हुए। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त निदेशक प्रवीण पाल सिंह ने बताया कि कॉन्क्लेव की शुरुआत में जय अग्रवाल (व्यवसायी पापड़मल जी एग्रो फूड) ने एंटरप्रेन्योरशिप का सफर साझा किया। स्टार्टअप चौपाल के संस्थापक सुमित श्रीवास्तव ने सत्र का संचालन किया। इसके बाद एंटरप्रेन्योरशिप अपॉर्चुनिटी एंड रोड अहेड विषय पर पैनल डिस्कशन हुआ। इसमें जय अग्रवाल व्यवसायी, मारवाड़ी कैटालिस्ट (एमकैटस) के संस्थापक सुशील शर्मा तथा आई स्टार्ट के प्रतिनिधि अभिषेक पाटोद्दिया ने चर्चा की।